TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

05 दिसम्बर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति में पूर्ण क्षमता

का विश्वास जगाना है।

**अरबिंदो घोष**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

5 दिसंबर

मधु प्रिया

## वाल्ट डिजनी का जन्म 5 दिसंबर



वॉल्ट डिज्नी बीसवीं शताब्दी के दौरान मनोरंजन के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए प्रसिद्ध है। वॉल्ट डिज्नी का पूरा जन्म नाम 'वाल्टर एलियास डिज़्नी' था। उनका जन्म शिकागो (इलिनॉइस, अमेरिका) में हुआ था। उनकी पत्नी का नाम लिलियन बाउन्ड्स डिज़्नी था। वे एक समाजसेवक, अमेरिकी फिल्म निर्माता-निर्देशक, एनीमेटर, उद्यमी एवं लेखक थे। एक समय में वॉल्ट डिज्नी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माताओं में से एक बन गए थे। उन्होंने अपने भाई रॉय ओ डिज़्नी के साथ संयुक्त रूप से वॉल्ट डिज्नी प्रोडक्शंस की स्थापना की थी। इस कंपनी द्वारा बनाया गया मशहूर कार्टून मिकी माउस है। वॉल्ट डिज्नी ने संयुक्त रूप से स्थापित निगम को अब वॉल्ट डिज्नी कंपनी के नाम से जाना जाता है। जिसका सालाना कारोबार **35** अरब अमेरिका डॉलर के बराबर का है।एनिमेशन के बादशाह वॉल्ट डिज्नी का बचपन बहुत ही संघर्षमय रहा। उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा, फिर भी वे कभी अपने लक्ष्य से डिगे नहीं। वे जो एक बार जो ठान लेते वह करके रहते थे। डिज्नी का निधन वर्ष **1966** में अपना **65**वां जन्मदिन मनाने के **10** दिन बाद बरबैंक (कैलिफोर्निया, अमेरिका) में हो गया था। ऐसी जानी-मानी फिल्मी हस्ती की **15** दिसंबर**1966** को फेफड़ों के कैंसर से मृत्यु हो गई थी।




# भारत के खिलाफ वनडे में हाईएस्ट रन चेज

| टीम | स्कोर | ग्राउंड | साल |
|---|---|---|---|
| साउथ अफ्रीका | 359/6 | रायपुर | 2025 |
| ऑस्ट्रेलिया | 359/6 | मोहाली | 2019 |
| न्यूजीलैंड | 348/6 | हैमिल्टन | 2020 |
| इंग्लैंड | 337/4 | पुणे | 2021 |

# जन्मदिन विशेष 05 दिसम्बर






**अंजलि भागवत** *Anjali Bhagwat*,जन्म- 5 दिसम्बर, 1969, मुम्बई, महाराष्ट्र) भारत की प्रसिद्ध महिला निशानेबाज़ हैं। उनका पूरा नाम 'अजंलि वेद पाठक भागवत' है। उन्होंने 2002 के मानचेस्टर राष्ट्रमंडल खेलों में अनेकों पदक जीतकर धूम मचा दी थी। वह इन खेलों में व्यक्तिगत व पेयर स्पर्धाओं में 4 स्वर्ण पदक जीतकर सुर्ख़ियों में आ गईं। उन्हें वर्ष 2000 में 'अर्जुन पुरस्कार' दिया गया और 2002 के राष्ट्रमंडल खेलों की उपलब्धियों के लिए वर्ष 2003 में 'राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार' दिया गया।

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **05.12.2025**

## बच्चों का क्षमता संवर्धन

बच्चों का क्षमता संवर्धन **(children's capability enhancement)** एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य बच्चों की क्षमताओं और प्राकृतिक प्रतिभाओं को विकसित करना है। इसमें शिक्षा और पाठ्येतर गतिविधियों के माध्यम से उनके संज्ञानात्मक, भावनात्मक और शारीरिक विकास को बढ़ावा देना शामिल है। यह पारंपरिक पाठ्यक्रम से आगे बढ़कर बच्चों को उनकी रुचि के क्षेत्रों में गहराई से जानने, नए कौशल सीखने और जीवन के लिए महत्वपूर्ण व्यावहारिक कौशल, जैसे टीम वर्क और समय प्रबंधन, विकसित करने में मदद करता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**चौंकाने वाला बदलाव! इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता अब दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर बन गया है। इस शहर में लगभग 4.2 करोड़ लोग रहते है! जकार्ता से पहले सबसे अधिक आबादी वाला शहर जापान का टोक्यो शहर था।**

# पद्य पंकज


"

किताबें झांकती है बंद अलमारी के शीशे से,
बड़ी हसरत से तकती है,
महीनो अब मुलाकातें नहीं होती,
जो शामे उनकी सोहबत में कटा करती थी,
अब अक्सर गुजर जाती है कम्प्यूटर के पर्दों पर,
बड़ी बेचैन रहती है किताबें।

**गुलजार साहब**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व में रंगभेद का विरोध करने
के प्रतीक , भारत रत्न एवं नोवेल
पुरस्कार से सम्मानित, दक्षिण
अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति
नेल्सन मंडेला
की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।
18 जुलाई 1918 – 5 दिसम्बर 2013
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


5 दिसंबर
"मिटटी हमारे जीवन का एक अमूल्य तत्व है"
विश्व मृदा दिवस
के अवसर आइये मिलकर मिट्टी के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लें।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org